ont>

Title: Need to introduce a direct train between Mahoba and Lucknow via Kanpur, Uttar Pradesh.

श्री अशोक कुमार सिंह चन्देल (हमीरपुर, उ0प्र0) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश राज्य के अति पिछड़े बुन्देलखण्ड क्षेत्र के जिला महोबा मुख्यालय से लखनऊ के लिए कोई सीधी रेल सेवा की सुविधा यहां की जनता को प्राप्त नहीं है। जबकि महोबा रेलवे स्टेशन से लखनऊ जाने वाले यात्रियों की संख्या अत्यधिक है क्योंकि महोबा रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित है। आये दिन यहां की जनता को रोजमर्रा की जिन्दगी को जीने के लिए प्रदेश के मुख्यालय में आना जाना लगा रहता है। व्यापारी वर्ग को सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

अतः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री का ध्यान इस क्षेत्र की जनता को हो रही आवागमन की परेशानी की ओर दिलाना चाहता हूं और मांग करता हूं कि महोबा से लखनऊ वाया कानपुर एक सीधी ट्रेन चलायी जो ताकि स्थानीय जनता को लखनऊ आने जाने की सुविधा मिल सके।